दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 06 जनवरी 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 99

महत्वपूर्ण एवं खास

चार्जिंग के दौरान ई-स्कूटर में लगी आग, 11 साल की बालिका की मौत

रतलाम (आरएनएस)। पीएनटी कॉलोनी में शनिवार देर रात एक मकान में आग लग गई। शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि घर में इलेक्ट्रिक बैटरी वाली स्कूटी के चार्जिंग से विस्फोट हुआ है, इस कारण आग लगी है। बाकी पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना में 2 लोग घायल हो गए। हादसे में एक 11 साल की बच्ची की मौत हो गई है। वहीं घर का सारा सामान भी जल गया है। आग शहर के वार्ड नंबर 2 लक्ष्मणपूरा पीएनटी कॉलोनी में दीपक किराना स्टोर के पास में भगवती मौर्य के घर में लगी। रात में आग लगने से क्षेत्र में हडक़ंप मच गया। विस्फोट के बाद अचानक आग की लपटों ने घर को घेर लिया, आस पड़ोसी नींद से उठकर मदद के लिए दौड़े। आग की लपटों ने पूरे घर का सामान जल गया है। रात में आग की सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड पहुंची। फिर आग पर काबू पाया गया।

ललितपुर : ट्रक में लगी आग से बची लाखों की संपत्ति

ललितपुर (आरएनएस)। ललितपुर के नेशनल हाईवे 44 पर एक ट्रक में अचानक आग लग गई। ट्रक में रासायनिक खाद लोड किया गया था, जो आग लगने के बाद बहुत खतरनाक स्थिति में आ गया। हालांकि, ट्रक के चालक और खलासी ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत कूद कर अपनी जान बचाई। फायरब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, जिससे लाखों रुपये की रासायनिक खाद को खराब होने से बचा लिया गया। फायरब्रिगेड की सक्रियता और समय रहते हुए कदम उठाने से बड़ा हादसा टल गया।

जालंधर में गोली लगने से दो लोगों की मौत, पुलिस जांच में जुटी

जालंधर (आरएनएस)। पंजाब के जालंधर में शनिवार सुबह तडक़े फायरिंग में दो लोगों की गोली लगने से मौत हो गई। सात से आठ राउंड फायरिंग की खबर सामने आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना लाम्बा पिंड के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र शहीद उधम सिंह नगर की है। यहां देर रात दोस्तों ने इक_े होकर ड्रिंक की थी। लेकिन तडक़े किसी बात को लेकर आपस में बहस हो गई। दोस्तों में विवाद इतना बढ़ गया कि एक-दूसरे पर फायरिंग कर दी। इस घटना में दो युवकों की गोली लगने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान शिवम (24) निवासी मोता सिंह नगर और विनय तिवारी (22) निवासी बस्ती शेख के रूप में हुई है। गोली चलने की घटना शहीद उधम सिंह नगर सैलानी माता मंदिर के नजदीक हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस इस पूरी घटना की जांच पड़ताल कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, सात से आठ राउंड फायरिंग है, लेकिन इस बात की पुष्टि अभी कोई अधिकारी नहीं कर रहा। एसीपी नॉर्थ ऋषभ भोला मौके पर पहुंच गए हैं। फिलहाल, घटना की जांच की जा रही है। हालांकि, इस मामले के संबंध में अभी कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

वक्फ की जमीन पर लग रहा महाकुंभ : मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी

बरेली (आरएनएस)। प्रयागराज में महाकुंभ 2025 की तैयारी अपने अंतिम चरण में है। महाकुंभ मेले में मुस्लिमों के प्रवेश और दुकानें लगाने को लेकर बयानबाजी तेज है।इस बीच उत्तर प्रदेश के बरेली में ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी बड़ा दावा करते हुए महाकुंभ स्थल की जमीन को वक्फ की संपत्ति करार दिया। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने रविवार को एक बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा कि मुसलमानों ने हमेशा बड़ा दिल दिखाया है और उसके सबूत दिए हैं। उसकी मिसालें भी बहुत सारी मिलेंगी। महाकुंभ मेले में अखाड़ा परिषद, नागा संन्यासियों और स्वामी बाबाओं ने मुसलमानों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया। लेकिन खुद प्रयागराज के जो मुसलमान हैं, उनमें से एक सरताज ने इस बात की जानकारी दी कि जिस जमीन के ज्यादातर हिस्से पर शामियाने और तंबू लगाए गए हैं, वो जमीन वक्त की है और वहां के मुसलमानों की है। ये जमीन लगभग 54 बीघा है। उन्होंने आगे कहा कि इसके बाद भी मुसलमानों की दरियादिली देखिए कि उन्होंने बड़ा दिल दिखाते हुए मेले की तैयारियों पर कोई आपत्ति नहीं की है। मगर अखाड़ा परिषद और दूसरे बाबा लोगों की तंग दिली देखिए कि वे मेले में मुसलमानों के प्रवेश पर पाबंदी लगा रहे हैं। मेले में मुसलमानों को दुकानें लगाने के लिए मना कर रहे हैं। वक्फ की 55 बीघा जमीन पर मेला लग रहा है।

भारत बना दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क वाला देश

नई दिल्ली

भारत में मेट्रो रेल नेटवर्क का तेजी से विस्तार हो रहा है। अब देश में मेट्रो रेल नेटवर्क की कुल लंबाई बढक़र 1000 किमी तक पहुंच गई है। इस बड़े नेटवर्क के साथ, भारत अब चीन और अमेरिका के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क वाला देश बन गया है।

दिल्ली ने 2002 में अपनी मेट्रो यात्रा की शुरुआत की थी, जब पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने दिल्ली के लोगों को पहली मेट्रो दी और आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली वासियों को नई मेट्रो परियोजनाओं और नमो भारत का उपहार दे रहे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में इसका परिवर्तन और विस्तार अभूतपूर्व रहा है, खासकर 2014 के बाद से।

पिछले दशक में मेट्रो नेटवर्क में तीन गुना वृद्धि हुई है। मेट्रो नेटवर्क 2014 में केवल 248 किलोमीटर से बढक़र अब 1000 किलोमीटर हो गया है।

आज 11 राज्यों के 23 शहरों में मेट्रो रेल नेटवर्क है। 2014 में यह केवल 5 राज्यों और 5 शहरों में था। आज मेट्रो में प्रतिदिन एक करोड़ से ज्यादा लोग यात्रा करते हैं, जो 2014 के 28 लाख यात्रियों की तुलना में 2.5 गुना अधिक बढ़ोतरी है।

वहीं, मेट्रो ट्रेनें आज प्रतिदिन कुल 2.75 लाख किलोमीटर की यात्रा करती हैं, जो एक दशक पहले के रोजाना 86 हजार किलोमीटर का तीन गुना है।

प्रधानमंत्री मोदी के विजन के तहत, केंद्र सरकार लाखों नागरिकों के लिए यात्रा की सुविधा और जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए निर्बाध, किफायती और आधुनिक शहरी परिवहन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इन परिवर्तनकारी प्रयासों के तहत, पीएम मोदी रविवार को साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन की यात्रा करने वाले हैं।

पीएम मोदी की यह यात्रा दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर लंबे हिस्से के उद्घाटन का प्रतीक होगी। 4,600 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से निर्मित यह कॉरिडोर दिल्ली और मेरठ के बीच क्षेत्रीय संपर्क को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा, जिससे लाखों लोगों को हाई-स्पीड और आरामदायक यात्रा के विकल्प मिलेंगे।

नमो भारत कॉरिडोर के अलावा, पीएम मोदी जनकपुरी और कृष्णा पार्क के बीच दिल्ली मेट्रो फेज-4 के 2.8 किलोमीटर लंबे हिस्से का उद्घाटन करेंगे। 1,200 करोड़ रुपये के निवेश के साथ, यह दिल्ली मेट्रो फेज-4 का पहला परिचालन खंड है। कृष्णा पार्क, विकासपुरी और जनकपुरी के कुछ हिस्सों सहित पश्चिमी दिल्ली के निवासियों को इसका फायदा मिलेगा।

प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली मेट्रो फेज-4 के 26.5 किलोमीटर लंबे रिठाला-कुंडली सेक्शन की आधारशिला भी रखेंगे। 6,230 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाला यह नया कॉरिडोर दिल्ली के रिठाला को हरियाणा के नाथूपुर (कुंडली) से जोड़ेगा। इसका उद्देश्य उत्तर-पश्चिमी दिल्ली और हरियाणा में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना है, जिससे रोहिणी, बवाना, नरेला और कुंडली जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

पोरबंदर हवाईअड्डे पर हेलीकॉप्टर क्रैश, राहत अभियान जारी

पोरबंदर । आरएनएस

पोरबंदर हवाईअड्डे पर रविवार को बड़े हादसे में कोस्ट गार्ड का एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया है। हेलीकॉप्टर के क्रैश होने के बाद उसमें आग लग गई, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई। हादसे के बाद पुलिस और राहत कार्यों में जुटी टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया है।

मिली जानकारी के अनुसार, इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है। वहीं, कुछ लोग घायल भी हुए हैं जिन्हें नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है।

हेलीकॉप्टर क्रैश होने के पीछे क्या कारण है। अभी इस बारे में कोई जानकारी निकलकर सामने नहीं आई है। मामले की जांच की जाएगी। घटना स्थल पर दमकल विभाग और मेडिकल की टीम मौजूद है।

बता दें कि गत वर्ष 4 नवंबर 2024 को भी भारतीय वायुसेना का एक मिग विमान क्रैश हो गया था। यह विमान दुर्घटना उत्तर प्रदेश के आगरा में हुई थी। दुर्घटना के दौरान पायलट सुरक्षित रूप से विमान से बाहर आ गया था। दुर्घटना के कारणों को लेकर जांच के आदेश दे दिए गए थे। गत वर्ष मिग-29 एयरक्राफ्ट के क्रैश होने का यह दूसरा मामला था।

इससे पहले उसी वर्ष सितंबर में रूटीन फ्लाइंग के दौरान राजस्थान के बाड़मेर में मिग-29 में तकनीकी खराबी आ गई थी। इस तकनीकी खराबी के बाद विमान क्रैश हो गया था। 2 अक्टूबर 2024 को महाराष्ट्र के पुणे के पिंपरी चिंचवड शहर के बावधन बुद्रुक गांव के पास एक प्राइवेट हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया था।

किश्तवाड़ में वाहन खाई में गिरा, चार लोगों की मौत और दो लापता

किश्तवाड़ । आरएनएस

किश्तवाड़ जिले में रविवार को एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिर गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग लापता बताए जा रहे हैं। बचाव अभियान जारी है।

यह हादसा जिले के मस्सू पद्दार इलाके में हुए है। कैंपर में कुल छह लोग सवार बताए जा रहे हैं। चार शव बरामद किए जा चुके हैं। जिला प्रशासन किश्तवाड़ ने लापता दो लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान शुरू किया है। सूचना मिलने पर नेता प्रतिपक्ष सुनील शर्मा, डीसी किश्तवाड़ राजेश शवन और एसडीएम डॉ. अमित भगत मौके पर पहुंचे। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस हादसे पर दुख जताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अभी-अभी यह जानकर दुख हुआ कि वाहन में यात्रा कर रहे चार यात्रियों को मौके पर ही मृत पाए गए हैं। चालक समेत दो अन्य व्यक्तियों का अभी तक पता नहीं चला है। शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।ओम शांति। उन्होंने किश्तवाड़ के डिप्टी कमिश्नर से बात कर हादसे की जानकारी भी ली। पुलिस मृतकों की पहचान कर उनके परिजनों को जानकारी देने की कोशिश कर रही है।

बता दें कि शनिवार को बांदीपोरा जिले में एक सैन्य ट्रक सडक़ से फिसलकर खाई में गिर गया था। इस हादसे में भारतीय सेना के चार जवानों की जान चली गई थी, जबकि तीन अन्य जवान घायल हो गए थे। सूचना पर आपातकालीन सेवाएं तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए पास के अस्पताल पहुंचाया गया था। बांदीपोरा में सेना का वाहन खराब मौसम और शून्य दृश्यता के कारण फिसल कर खाई में गिर गया था। हादसे में शुरुआत में दो जवानों की शहादत की खबर आई थी, जो बाद में बढक़र चार हो।

एनआईए ने झारखंड में नक्सलियों के ठिकानों पर मारे छापे, कई सामग्री जब्त

रांची । आरएनएस

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में नौ स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई सीपीआई (माओवादी) से जुड़ी एक जांच के तहत की गई, जिसमें संदिग्ध आतंकवादियों और ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) के ठिकानों पर छापे मारे गए।

तलाशी के दौरान एनआईए टीमों ने कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की, जिनमें मोबाइल फोन, मेमोरी कार्ड, सिम कार्ड और अन्य सामग्री शामिल हैं। इसके अलावा, एक 20-लीटर प्लास्टिक केन में 10,50,000 रुपये नकद, एक वॉकी-टॉकी, सैमसंग टैबलेट, पावर बैंक, रेडियो सेट, लेवी वसूली रसीद, जिलेटिन की छड़ें और अन्य संदिग्ध सामान भी बरामद किए गए।

यह कार्रवाई एक आरोपी, राजेश देवगम के बयान के बाद की गई, जिसने बताया कि इन सामग्रियों को हुसिपी और राजभासा गांवों के बीच के जंगलों में छिपाया गया था।

ह मामला मूल रूप से मार्च 2024 में झारखंड के चाईबासा जिले के टोंटो पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था और बाद में इस मामले की जांच एनआईए को सौंप दी गई।

एनआईए की जांच में पता चला कि संदिग्ध और ओजीडब्ल्यू सीपीआई (माओवादी) के वरिष्ठ कैडरों की मदद से उनकी गैरकानूनी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे थे। इस सिलसिले में एनआईए ने रविवार को इन संदिग्धों के परिसरों पर छापेमारी की।

इसके अलावा, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दक्षिणी दिल्ली के जामिया नगर में एक आरोपी के घर पर भी छापा मारा, जहां से उन्होंने कई डिजिटल डिवाइस (मोबाइल फोन और टैबलेट) और वित्तीय दस्तावेज, जैसे बैंकों के डेबिट कार्ड, पासबुक और चेकबुक मिले।

इस मामले में मुख्य आरोपी कामरान हैदर और उसके साथियों पर भारतीय युवाओं को लाओ पीडीआर इलाके में भेजने की साजिश का आरोप है।

यहां मानव तस्करी और साइबर गुलामी के शिकार लोगों को यूरोपीय और अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाकर साइबर घोटाले करने के लिए मजबूर किया जाता था। जांच में यह भी सामने आया है कि कामरान हैदर चीनी घोटालेबाजों से बचने की कोशिश कर रहे पीड़ितों से क्रिप्टो करेंसी वॉलेट के जरिए पैसे निकालने में भी शामिल था। एनआईए इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

मुंबई के बाद तमिलनाडु के इरोड जिले से सात बांग्लादेशी गिरफ्तार, पुलिस कर रही पूछताछ

इरोड । आरएनएस

तमिलनाडु के इरोड जिले में पेरुंदुरई पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने बांग्लादेश के सात नागरिकों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि यह सभी नागरिक अवैध रूप से इरोड जिले में रह रहे थे।

पुलिस के अनुसार, सभी बांग्लादेशी नागरिक बिना आवश्यक परमिट या दस्तावेज प्राप्त किए बिना क्षेत्र में मजदूरों के रूप में काम कर रहे थे। यह लोग पेरुंदुरई के एक गांव वेप्पमपलायम में रह रहे थे। पुलिस ने पूछताछ के लिए सभी बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में ले लिया है।

जानकारी के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद साहिदुल (48), मोहम्मद अनारुल इस्लाम (26), मोहम्मद मुनीरुल इस्लाम (24), मोहम्मद मासूम (22), मोहम्मद रुजीबुल (37), लाल और मुसुरुल्ला के रूप में हुई है।

फिलहाल तमिलनाडु पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान तथा उनके बैकग्राउंड को खंगाल रही है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वह इस इलाके में कितने समय से रह रहे थे और वह इतने लंबे समय तक कैसे पकड़े जाने से बच गए।

इससे पहले रविवार को मुंबई की घाटकोपर पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे 13 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया था। ये सभी नालासोपारा में रह रहे थे।

पुलिस ने शुरुआत में एक बांग्लादेशी को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान 13 और बांग्लादेशी मिले। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कुछ दिन पहले बांग्लादेश के एक नागरिक ने भिवंडी में 500 रुपये देकर फर्जी आधार कार्ड बनवा लिया था। इसके बाद वह भारतीय होने का दावा करते हुए पुणे में बस गया। वह चार रोहिंग्याओं के साथ वह जुलाई में म्यांमार से बांग्लादेश आया था। इसके बाद बांग्लादेश से सीधे पुणे के देहुर रोड इलाके में गांधीनगर आ गया था।

मुंबई एनसीबी की कार्यवाई, 74,000 कैप्सूल के साथ भारी मात्रा में जब्त की सिगरेट

मुंबई । आरएनएस

मुंबई नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एनसीबी ने 2,44,400 सिगरेट के साथ अवैध रूप से इस्तेमाल की जाने वाली फार्मास्युटिकल दवाओं के 74,000 कैप्सूल जब्त किए हैं।

एनसीबी ने इसे लेकर आधिकारिक बयान जारी किया। बताया गया कि 74,000 कैप्सूल (29.6 किलोग्राम) का अवैध रूप से इस्तेमाल होना था। यह खेप लंदन के लिए भेजी गई थी। जब्त की गई वस्तुओं को गलत तरीके से घोषित किया गया और गैर-संदिग्ध खाद्य पदार्थों के बीच छुपाया गया था।

दरअसल, कुछ दिन पहले एक अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट के बारे में इनपुट प्राप्त हुआ था, जो अवैध डायवर्जन के माध्यम से भारत से फार्मास्युटिकल दवाओं की खरीद में शामिल है और इसे विदेशों में स्थित ग्राहकों तक पहुंचाता है। प्रारंभिक जांच के दौरान यह पाया गया कि परिवहन उद्देश्य के लिए एयर कार्गो का दुरुपयोग किया जा रहा था। इसके बाद मुंबई एनसीबी ने मामले में आगे जांच की, जिसके आधार पर लॉजिस्टिक्स कंपनियों से संबंधित दो कंटेनर, एड्रेस इंडिया और सेठ इंडस्ट्रियल एस्टेट तथा यूडीएक्स वर्ल्डवाइड आईएमटीएल कूरियर एंड लॉजिस्टिक्स की पहचान की गई। एनसीबी ने तुरंत ही मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचकर एयर कार्गो टर्मिनल के दोनों कंटेनरों को रोक दिया।

एनसीबी की टीम ने कंटेनरों की तलाशी ली। इस दौरान एड्रेस इंडिया के कंटेनर से फार्मास्युटिकल दवाओं के 74,000 कैप्सूल (29.6 किलोग्राम) और 40,000 सिगरेट बरामद की गई। इसके अलावा यूडीएक्स वर्ल्डवाइड के दूसरे कंटेनर की तलाशी के दौरान कई ब्रांडों की कुल 2,04,400 सिगरेट बरामद की गई है।

जब्त सामान को गैर-संदिग्ध खाद्य पदार्थों से भरे अन्य बैगों के बीच छुपाया गया था। सभी सामान को एनसीबी ने जब्त कर लिया है और अवैध रूप से इस्तेमाल की जाने वाली फार्मास्युटिकल दवाओं को कस्टम को सौंप दिया है।

प्रतिष्ठा द्वादशी : 11 जनवरी को 11 बजे रामलला का अभिषेक करेंगे सीएम योगी, भजन भी होगा लॉन्च

अयोध्या । आरएनएस

भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के एक वर्ष पूरे होने पर अयोध्या में 11 से 13 जनवरी तक प्रतिष्ठा द्वादशी का आयोजन होगा। 11 जनवरी को पहले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 बजे गर्भगृह में श्रीरामलला का अभिषेक करेंगे। उसके बाद अंगद टीला पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन कर श्रद्धालुओं को संबोधित भी करेंगे। उसी दिन सोनू निगम, शंकर महादेवन और मालिनी अवस्थी समेत कई मशहूर कलाकारों द्वारा गाया गया भजन भी रिलीज किया जाएगा।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म के अधिष्ठाता मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जी के जन्म स्थान अयोध्या धाम में नवनिर्मित मंदिर की स्थापना का एक वर्ष 11 जनवरी को संपन्न हो रहा है। इस दौरान 13 जनवरी तक उत्सव मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां तेजी से चल रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 जनवरी को रामलला का अभिषेक करेंगे। महोत्सव के मद्देनजर नगर के प्रमुख चौराहों लता चौक, जन्मभूमि पथ, श्रृंगार हाट, राम की पैड़ी, सुग्रीव किला, छोटी देवकाली समेत अन्य स्थलों पर कीर्तन भी होगा। इसमें युवा कलाकार वाद्य यंत्रों से नगरी को मंत्रमुग्ध कर देंगे।

ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि इस अवसर पर तीन दिवसीय श्रीराम राग-सेवा का कार्यक्रम मंदिर परिसर में गर्भगृह के निकट मंडप में संपन्न होगा। इसमें प्रभु श्रीराम की भक्ति के प्रति विनीत भाव से संगीत, नृत्य और वादन से उन्हें सेवा प्रदान करने का उपक्रम होगा। अनुष्ठान के परिकल्पनाकार और समन्वयक अयोध्या के कलाविद् यतीन्द्र मिश्र हैं। इस कार्य में उनका सहयोग संगीत नाटक अकादमी कर रहा है।

ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि सभी संतों को बुलाया गया है। अयोध्या से बड़ी संख्या में लोग महाकुंभ में गए हैं। उन्होंने आग्रह किया कि तीन दिन के कार्यक्रम में एक दिन लोग अयोध्या पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल हों।

पहला दिन : 11 जनवरी को लता मंगेशकर की बहन व प्रख्यात गायिका उषा मंगेशकर और मयूरेश पई भगवान के सम्मुख भजन से राग-सेवा का आरंभ करेंगी। इसके बाद साहित्य नाहर सितार व संतोष नाहर वायलिन की जुगलबंदी से भक्ति का कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। पहले दिन का समापन डॉ. आनंदा शंकर जयंत के भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति से होगा।

दूसरा दिन : 12 जनवरी को महोत्सव की शुरुआत राग सेवा प्रसिद्ध लोक गायिका शैलेश श्रीवास्तव के बधावा, सोहर गायन से होगी। इसके बाद प्रख्यात शास्त्रीय गायिका कलापिनी कोमकली श्री राम भजन व निर्गुण गायन से राग-सेवा प्रस्तुत करेंगी। कार्यक्रम का समापन विश्वविख्यात बांसुरी वादक राकेश चौरसिया के बांसुरी वादन से होगा।

तीसरा दिन : तीसरे व अंतिम दिन 13 जनवरी को राग-सेवा का आरंभ आरती अंकलिकर के शास्त्रीय गायन से होगा, जिसके बाद प्रख्यात कथक नृत्यांगना शोभना नारायण की कथक प्रस्तुति होगी। अंत में दक्षिण के गायक श्रीकृष्ण मोहन एवं श्रीराम मोहन त्रिचूर ब्रदर्स के शास्त्रीय गायन व श्रीराम भजन से कार्यक्रम संपन्न होगा।